3. अध्यापक पात्रता परीक्षा का स्वरूप एवं पाठ्यक्रम :–

**I.** राज्य अध्यापक पात्रता परीक्षा **(UTET)** द्विस्तरीय है। अभ्यर्थी एक समय में किसी एक परीक्षा या दोनों परीक्षाओं में सम्मिलित हो सकता है। दोनों **(UTET I & II)** स्तर की परीक्षायें एक ही दिन दो पालियों में आयोजित की जायेंगी। यदि कोई अभ्यर्थी प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक स्तर की दोनों **(UTET I & II)** परीक्षाओं में सम्मिलित होना चाहता है तो इसके लिये **एक ही आवेदन पत्र भरना होगा**। इसकी स्पष्ट अंकना आवेदन पत्र पर यथा निर्दिष्ट स्थान पर करनी होगी।

**II.** अध्यापक पात्रता परीक्षा **बहुविकल्पीय प्रश्नों पर आधारित** होगी। **प्रत्येक प्रश्न 01 अंक का होगा।** किसी भी प्रश्न में ऋणात्मक अंक नहीं दिया जायेगा। **परीक्षा अवधि 02 घण्टा 30 मिनट** की होगी तथा प्रश्नों की संख्या 150 होगी। भाषा के प्रश्नपत्रों के अलावा अन्य प्रश्नपत्र द्विभाषिक अर्थात हिन्दी तथा अंग्रेजी में मुद्रित किये जायेंगे। अंकों का विभाजन निम्नवत् होगा :–

प्राथमिक स्तर **(I-V)** का पाठ्यक्रम **(UTET-I)** :

| क्र०सं० | विषय (सभी अनिवार्य) | प्रश्नों की संख्या | अंक |
|---|---|---|---|
| 1 | बाल विकास एवं पैडॉगाजी | 30 | 30 |
| 2 | प्रथम भाषा | 30 | 30 |
| 3 | द्वितीय भाषा | 30 | 30 |
| 4 | गणित | 30 | 30 |
| 5 | पर्यावरण अध्ययन | 30 | 30 |
| | योग | **150** | **150** |

उच्च प्राथमिक स्तर **(VI-VIII)** का पाठ्यक्रम **(UTET-II)**:

| क्र०सं० | विषय | प्रश्नों की संख्या | अंक |
|---|---|---|---|
| 1 | बाल विकास एवं पैडॉगाजी | 30 | 30 |
| 2 | प्रथम भाषा | 30 | 30 |
| 3 | द्वितीय भाषा | 30 | 30 |
| 4 | **(a)** गणित/विज्ञान के शिक्षक के लिए– **गणित एवं विज्ञान** **(b)** सामाजिक अध्ययन के शिक्षकों के लिए– **सामाजिक अध्ययन** **(c)** अन्य शिक्षकों के लिए– (4a अथवा 4b में से एक) | 60 | 60 |
| | योग | **150** | **150** |

- अभ्यर्थी को अपने आवेदन पत्र में प्रथम चयनित भाषा एवं द्वितीय चयनित भाषा का स्पष्ट रूप से उल्लेख करना होगा।
- प्रथम भाषा, जो अध्यापन की भाषा होगी के रूप में अभ्यर्थी को **हिन्दी एवं अंग्रेजी में से किसी एक** भाषा का चयन करना होगा तथा उक्त भाषा के प्रश्नपत्र का स्तर द्वितीय चयनित भाषा से उच्चतर होगा। **द्वितीय भाषा के रूप में अभ्यर्थी को हिन्दी, अंग्रेजी, संस्कृत एवं उर्दू में से किसी एक भाषा का चयन करना होगा जो कि प्रथम चयनित भाषा से भिन्न होगी।**
- यू0टी0ई0टी0 द्वितीय के लिये **गणित एवं विज्ञान अथवा सामाजिक अध्ययन में से किसी एक विषय का चयन करना होगा।**